>

Title: Need to construct a bridge over river Punpun on Jamuhar-Punpun road in Karakat Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री महाबली सिंह (काराकाट): मेरा लोक सभा क्षेत्र कराकाट नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। यहां आये दिन कोई न कोई अप्रिय घटना घटती रहती है। घटना को अंजाम देकर भी नक्सली आराम से घूमते फिरते हैं। ओबरा प्रखंड के तीन पंचायत के करीब 50 हजार जनसंख्या जमुहार-परसिया पथ में पुनपुन नदी पर पुल नहीं बनने के कारण बरसात में चार माह तक प्रखंड मुख्यालय से संपर्क कटा रहता है। पुलिस भी सही समय पर नहीं पहुंच पाती है। 20 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती है। जमुहार-परसिया पथ में पुनपुन नदी पर पुल बन जाने से 20 किलोमीटर की दूरी कम हो जायेगी और नक्सलियों पर काबू पाने के लिए पुलिस को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि इस क्षेत्र में नक्सल गतिविधि पर काबू पाने के लिए जमुहार-परसिया पथ में पुनपुन नदी पर पुल बनाया जाय।